सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 24.08.2023

इटावा पुलिस द्वारा अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह पर्दाफाश करते हुये कुल 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी की गयी 10 मोटरसाइकिल, 03 चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स, 01 फर्जी नं0 प्लेट, मास्टर –KEY(चाबी), अवैध तमंचा व कारतूस किया गया बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अन्नावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 23/24.08.2023 की रात्रि को एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम लोकासाई की ओर से कुछ व्यक्ति अवैध असलहा व चोरी की मोटरसाइकिलों सहित दतावली की ओर आ रहे है। सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये एसओजी/सर्विलांस टीम थाना फ्रेड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को ग्राम **लोकासाई के पास देशी शराब के ठेके के पास से समय 04:15 बजे 04 मोटरसाइकिल सहित** गिरफ्तार किया गया। अंधेरे का फायदा उठाकर 01 अभियुक्त भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

पुलिस पूछताछ

पकडे गये अभियुक्तों से बरामद 04 मोटरसाइकिल के संबंध मे प्रपत्र मांगे गये तो दिखाने मे असमर्थ रहे तथा उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से, लॉक काटने की चाबी, 01 फर्जी नम्बर प्लेट, 01 अवैध तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ की गयी बताया गया कि ये मोटरसाइकिल चोरी की है तथा हम लोगों ने अपने एक अन्य साथी के घर ग्राम ऊसरा मे चोरी की गयी अन्य मोटरसाइकिलों एवं कुछ मोटरसाइकिल पार्ट्स को बेचने हेतु छिपा रखे है।

अभियुक्तों की निशांदेही से पुलिस द्वारा 06 अन्य चोरी की मोटरसाइकिल व 03 चोरी की मोटरसाइकिल के खुले हुये पार्ट्स बरामद किये गये।

बरामद मोटरसाइकिल एवं असलहा के संबंध मे पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोग भिन्न- भिन्न जनपद/राज्य के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों मे घूमकर रेकी करते हुये लॉक तोडने की चाबी से वाहनो का लॉक तोडकर वाहन चुरा लेते है तथा अवैध असलहा अपनी विपरीत परिस्थियों मे अपने बचाव हेतु रखते है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर **मु0अ0सं0 259/2023 धारा 411/420/413/414/465 भादवि व मु0अ0सं0 260/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट** पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1. **राहुल यादव पुत्र स्व0 उमेश चन्द यादव निवासी प्रभु का अड्डा, शान्ति कॉलोनी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा उम्र 24 वर्ष।**
2. **दीवान सिंह पुत्र नाथूराम कठेरिया निवासी अड्डा संतोषपुर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा उम्र 21 वर्ष**
3. **शिववीर उर्फ सोनू यादव पुत्र स्व राकेश यादव निवासी कुनैरा, आईटीआई के पास, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा उम्र 30 वर्ष**

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0सं0 259/2023 धारा 411/420/413/414/465 भादवि थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 260/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा

बरामदगी:-

1. 01 हीरो स्पलेंडर (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 77 AB 5868**
2. 01 हीरो स्पलेंडर प्लस (बिना नंबर प्लेट के)**वास्तविक नं0 UP 75 75 F 3846**
3. 01 हीरो स्पलेंडर प्रो (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 75 U 6543**
4. 01 एचएफ डीलक्स (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 77 AF 8248**
5. हीरो स्पलेंडर प्लस (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 75 AE 7542**
6. हीरो स्पलेंडर (**फर्जी नंबर प्लेट**) **वास्तविक नं0 UP 75 Y 6832 मु0अ0सं0 153/23 धारा 379 भादवि थाना फ्रेंडस कॉलोनी जनपद इटावा**
7. 01 हीरो होण्डा स्पलेंडर (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 75 X 9427**
8. 01 सूपर स्पलेंडर (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 75 AF 0487**
9. 01 पल्सर (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 78 DY 5897**
10. 01 सीटी 100 (बिना नंबर प्लेट के) **वास्तविक नं0 UP 83 AP 1351**
11. 03 मोटरसाइकिल के खुले हुये पार्ट्स
12. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
13. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर
14. लॉक तोडने की चाबी
15. 01 फर्जी नम्बर प्लेट

पुलिस टीम:- प्रथम टीम:- निरी0 श्री तारिक खान प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री समित चौधरी मय टीम।

द्वितीय टीम:- निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, उ0नि0 रावेन्द्र सिंह, उ0नि0 सुदेश कुमार, का0 सोनू, का0 अंकित, का0 राहुल शर्मा, का0 संसार, चा0 का0 शशिकान्त।

नोट:- उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 20,000 /-रूपये से पुरस्कृत किया गया है।